भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1593
10 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष अस्पतालों का निर्माण

1593. डॉ. निशिकांत दुबे:
श्री रघु राम कृष्ण राजू:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान निर्मित किए गए नए आयुष अस्पतालों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) ऐसे अस्पतालों का ब्यौरा क्या है, जो आज भी निर्माणाधीन हैं;
(ग) उक्त अस्पताल कब तक चालू हो जाएंगे; और
(घ) उक्त अस्पतालों के पूरा होने में विलंब के कारण लागत में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, नए आयुष अस्पतालों का निर्माण संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, 50/30/10 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आयुष मंत्रालय ने एनएएम दिशानिर्देशों के लागत मानदंड के प्रावधान के अनुसार एकीकृत आयुष अस्पतालों की 90 इकाइयों को मंजूरी दी है। जैसा कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा सूचित किया गया है, इन स्वीकृत 90 एकीकृत आयुष अस्पतालों में से, 17 एकीकृत आयुष अस्पतालों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, 52 एकीकृत आयुष अस्पताल निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं और 21 एकीकृत आयुष अस्पतालों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान, कार्यशील/निर्माण पूर्ण /निर्माणाधीन/निर्माण शुरू नहीं होने वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विस्तृत स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है। चूंकि, योजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है और तदनुसार, इन अस्पतालों को पूरा करने के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष समय-सीमा तय नहीं की गई है।

*****

संलग्नक

पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) और चालू वर्ष (2022-23) के दौरान कार्यशील एकीकृत आयुष अस्पतालों की, उनकी वर्तमान स्थिति के साथ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थान/जिले का नाम	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा रिपोर्ट की गई स्थिति
1	अंदमान और निकोबार द्वीप	पोर्ट ब्लेयर	निर्माणाधीन
2	आंध्र प्रदेश	काकीनाडा	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		विशाखापत्तनम	निर्माण शुरू नहीं हुआ
3	अरुणाचल प्रदेश	लिकाबाली, लोवर सियांग जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		भालुकपोंग, पश्चिम कामेंग जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
4	असम	माजुली	निर्माण पूरा हुआ
5	बिहार	पटना	निर्माणाधीन
6	छत्तीसगढ़	जांजगीर चंपा	निर्माणाधीन
		महासमुंद	निर्माणाधीन
		कोरिया	निर्माणाधीन
		कोरबा	निर्माणाधीन
		कांकेर	निर्माणाधीन
		नारायणपुर	निर्माणाधीन
		बीजापुर	निर्माणाधीन
		दंतेवाड़ा	निर्माणाधीन
		रायपुर	निर्माणाधीन
		बिलासपुर	निर्माणाधीन
		दुर्ग	निर्माणाधीन
		सरगुजा जिला मुख्यालय	निर्माणाधीन
		दल्ली राझरा	निर्माणाधीन
7	गुजरात	सूरत	निर्माण शुरू नहीं हुआ
8	हरियाणा	हिसार	निर्माणाधीन
9	हिमाचल प्रदेश	सोलन	निर्माण शुरू नहीं हुआ
10	जम्मू-कश्मीर	किश्तवाड़	निर्माणाधीन
		कुपवाड़ा	निर्माणाधीन
		बिलावर	निर्माणाधीन
		कुलगाम	निर्माणाधीन
		सांबा	निर्माणाधीन
11	झारखंड	कांके, रांची	निर्माण शुरू नहीं हुआ
12	कर्नाटक	गदग	कार्यशील
		मैंगलोर	कार्यशील
		तीर्थहल्ली, शिवमोगा जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
13	केरल	मत्तन्नूर, कन्नूर जिला	निर्माणाधीन
		चालकुडी, त्रिशूर, जिला	निर्माणाधीन

		अडूर, पतनमथिटा जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		कोट्टारक्करा, कोल्लम जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		अट्टापडी, पालघाट जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
14	महाराष्ट्र	नंदुरबार	निर्माणाधीन
		सिंधुदुर्ग	निर्माणाधीन
		पुणे	निर्माणाधीन
		अहमदनगर	निर्माणाधीन
15	मणिपुर	मोरेह, चंदेल जिला	कार्यशील
		चुराचांदपुर	निर्माणाधीन
		कीराव एसी, इंफाल पूर्वी जिला	कार्यशील
		चंदेल जिला	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		जिरीबाम	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		कांगपोकपी	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		बिश्नुपुर	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		नोनी	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		थौबल	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		सेनापति	निर्माण शुरू नहीं हुआ
16	मध्य प्रदेश	भोपाल	कार्यशील
		नरसिंहपुर	निर्माणाधीन
		बालाघाट	निर्माणाधीन
		सीहोर	निर्माणाधीन
17	मेघालय	सोहरा (चेरापूंजी), सीएचसी, ईस्ट खासी हिल्स	निर्माणाधीन
		उमट्रे गांव, री भोई जिला	निर्माणाधीन
18	मिजोरम	आइजोल	निर्माणाधीन
19	नागालैंड	नोकलाक, तुएनसांग जिला	कार्यशील
		रज़ा, चेदेमा	कार्यशील
		सपंग्या (चुंगटिया)	निर्माणाधीन
		याचेम, लॉन्गलेंग	निर्माणाधीन
20	ओडिशा	बालासोर	निर्माणाधीन
		ढेंकनाल	निर्माणाधीन
21	पुडुचेरी	विलानूर	निर्माणाधीन
		यनम	निर्माणाधीन
22	राजस्थान	सीकर	निर्माणाधीन
23	सिक्किम	देवराली, पूर्वी सिक्किम	निर्माण शुरू नहीं हुआ
24	तमिलनाडु	नमक्कल	निर्माण शुरू नहीं हुआ
25	उत्तर प्रदेश	सिराथू कौशाम्बी	कार्यशील
		सोनभद्र	कार्यशील
		उरई जालौन	निर्माण पूरा हुआ
		संत कबीर नगर	कार्यशील

		सहारनपुर	निर्माणाधीन
		देवरिया	कार्यशील
		ललितपुर	कार्यशील
		अमेठी	कार्यशील
		कानपुर देहात	कार्यशील
		फिरोजपुर, बलिया जिला	निर्माणाधीन
		रायबरेली	निर्माणाधीन
		बागपत	निर्माणाधीन
		फतेहपुर	निर्माणाधीन
		श्रावस्ती	निर्माणाधीन
		उन्नाव	निर्माणाधीन
		हरदोई	निर्माणाधीन
		गोरखपुर	निर्माणाधीन
		संभल	निर्माणाधीन
		मिर्जापुर	निर्माणाधीन
		जौनपुर	निर्माण शुरू नहीं हुआ
26	पश्चिमी बंगाल	पश्चिम मिदनापुर	कार्यशील